हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
नवाबगंज, कानपुर - 208002, उ.प्र., भारत
HARCOURT BUTLER TECHNICAL UNIVERSITY
NAWABGANJ, KANPUR - 208002, U.P., INDIA
(Formerly Harcourt Butler Technological Institute, Kanpur)
Phone : +91-0512-2534001-5, 2533812, website : http://www.hbtu.ac.in, Email : vc@hbtu.ac.in

100 YEAR 1921 - 2021

संख्याः 2 4 0 /वित्त/पी.ए.जी.(आडिट–1)/2022 दिनांक : नवम्बर 17 ,2022

Spd Post

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी ए.एम.जी.–।।
भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग,
कार्यालय प्रधान महालेखाकार(लेखापरीक्षा–प्रथम)उ0प्र0
इलाहाबाद

**विषयः विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग के निर्माण कार्यों का बिलम्ब से कियान्वयन।**

महोदय

कृपया अपने पत्र संख्याःपी.ए.जी.(आडिट–1)/ए.एम.जी.–।।/पी.डी.पी.–16/2022–23/110 दिनांक 26/10/2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के अधीन इलेक्ट्रानिक्स इन्जीनियरिंग विभाग के नवीन निर्माण कार्य से संबंधित बिन्दुवार आख्या निम्नवत् प्रस्तुत हैः–

| क0 | निर्माण कार्यो के संबंध में अद्योलिखित अभिलेख विषयक चाही गयी सूचनाएं | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय के पत्रांक:60/कु.स.का./इंट/2016 दिनांक 04.11.2016 की छायाप्रति | वर्तमान में वॉछित पत्र पत्रावली में उपलब्ध नहीं है। |
| 2 | विश्वविद्यालय के पत्रांक:558/सिविल(एम)/2017 दिनांक 21.08.2017 की छायाप्रति | प्रमुख सचिव,प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ को विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित किए गये पत्रांकः 582/सिविल(एम)/17दिनांक 21.08.2017 की छायाप्रति संलग्न है **(संलग्नक–1)** एवं विश्वविद्यालय के पत्रांक 558 के स्थान पर पत्रांक 582 पढा जाए। तत्कम में कृपया अवगत होने का कष्ट करें। |
| 3 | शासनादेश पत्रांक:36/सोलह–1–201–9(बजट–6)/2016 दिनांक 03 जनवरी 2017 में हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इन्जीनियरिंग विभाग में कक्षों के निर्माण कार्य के लिए रू0 1624.96 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृत प्रदान की गयी। जबकि कार्यालय आदेश,प्राक्कलन एवं अन्य अभिलेखों में कार्य का नाम इलेक्ट्रोनिक इन्जीनियरिंग विभाग के भवन के निर्माण कार्य का उल्लेख किया गया है। कृपया इसका कारण सूचित करें एवं यदि इस संबंध में संशोधित शासनादेश हुआ हो तो उसकी छायाप्रति प्रदान करें। | इलेक्ट्रानिक्स इन्जीनियरिंग विभाग के निर्माण से संबंधित जारी शासनादेश संख्याः36/सोलह –1–2017–9(बजट–6)/2016 दिनांक 03.01.2017 में त्रुटिवश इलेक्ट्रानिक्स के स्थान पर इलेक्ट्रिकल का उल्लेख किया था। तदुपरान्त शासन के पत्र संख्याः3343/सोलह–1–2017–9(बजट–6)/2016 दिनांक 19 सितम्बर, 2017 छायाप्रति संलग्न में उपरोक्त शासनादेश दिनांक 03–01–2017 का उल्लेख करते हुए इलेक्ट्रानिक्स इन्जीनियरिंग विभाग के निर्माण का उल्लेख किया गया है। अतः जारी स्वीकृति इलेक्ट्रानिक्स इन्जीनियरिंग विभाग के भवन निर्माण हेतु है। कृपया अवगत होने का कष्ट करें। **(संलग्नक–2)** |
| 4 | उपरोक्त कार्यो के प्राक्कलन में रू0 पांच लाख के फर्नीचर(गोदरेज अलमारी, मेज एवं कुर्सी)की लागत भी सम्मलित थी। क्या विभाग/कार्यदायी संस्था द्वारा इन सामग्रियों की खरीद की गयी थी ? यदि नहीं, तो कारण सूचित करें। यदि हाँ, तो संबंधित अभिलेखों (वाउचर,स्टाक पंजिका के सुसंगत पृष्ठ, इत्यादि)की छायाप्रति। | इलेक्ट्रानिक्स इन्जीनियरिंग विभाग में कक्षों से संबंधित भवन निर्माणाधीन/अपूर्ण है, जिसके कारण फर्नीचर आदि की कय कार्यवाही नहीं की गई है। अतः फर्नीचर आदि की कय कार्यवाही करने के उपरान्त सूचित किया जायेगा,तद्कम में अवगत होने का कष्ट करें। |

2.....

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 5 | शासन द्वारा 03 जनवरी,2017 को इलेक्ट्रोनिक इन्जीनियरिंग विभाग में कक्षों के निर्माण हेतु रू0 1624.96 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर अतिशीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसके पश्चात, किन कारणों से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उक्त निर्माण कार्य की लागत को कम कर रू0 1264.88 लाख किया गया ? कृपया, कारण सूचित करें एवं समस्त सुसंगत अभिलेखों की छायाप्रति प्रदान करें। | भवन का निर्माण कार्य शासनादेश दिनांक 03.01.2017 में दी गयी व्यवस्था के आधार पर कुल स्वीकृत धनराशि रू0 1624.88 लाख के अन्तर्गत कराया जाना था, परन्तु वर्तमान में उक्त भवन का निर्माण कार्य रूसा द्वारा दी गयी स्वीकृत धनराशि कुल रू0 1264.88 लाख के अन्तर्गत कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय के पत्रांक:229/Maint.(C)/18 दि0 25.07.2018 द्वारा शासन को सूचित किया गया है। **(संलग्नक–3)** कृपया अवगत होने का कष्ट करें। |
| 6 | विन्दु संख्या 16 के कम में सूचित करें कि किन कारणों से प्रस्तावित इलेक्ट्रोनिक इन्जीनियरिंग विभाग के भवन निर्माण कार्यो में संशोधन कर तीन तलों के स्थान पर दो तलों का निर्माण कराया गया ? कृपया, उपरोक्त निर्णय से संबंधित समस्त अभिलेखों की छायाप्रति प्रदान करें एवं प्रश्नगत निर्माण कार्यो से संबंधित प्रयोजना रचना एवं मूल्यांकन विभाग के अनुमोदन की छायाप्रति प्रदान करें। | विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रानिक्स इन्जीनियरिंग विभाग के नवीन भवन में प्रस्तावित बदलाव के संबंध में विश्वविद्यालय स्तर गठित समिति की मा0 कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित संस्तुतियाँ दिनांक 13.06.2018 की छायाप्रति संलग्न है **(संलग्नक–4)** ।इस संबंध में पुनरीक्षित आगणन रू0 1264.88की छायाप्रति संलग्न है तथा शासन को इस संबंध में प्रेषित पत्र दिनांक 25.07.2018 की छायाप्रति **संलग्नक–03** पर संलग्न है। कृपया अवगत होने का कष्ट करें। |
| 7 | क्या कार्यदायी संस्था ने निर्माण कार्य को पूर्ण किये जाने के लिए पुनरीक्षित प्राक्कलन प्रेषित किया था ? यदि हाँ, तो उसकी छायाप्रति प्रदान करें एवं उसकी शासन से स्वीकृति की स्थिति सूचित करें। | कार्यदायी संस्था ने निर्माण कार्य को पूर्ण किये जाने के लिए प्रस्तुत पुनरीक्षित प्राक्कलन का छायाप्रतियाँ संलग्न है **(संलग्नक–5)** कृपया अवगत होने का कष्ट करें। |
| 8 | कार्यदायी संस्था ने अक्टूबर 2021 में रू0 8.37 करोड़ की स्वीकृत धनराशि का व्यय कर उपभोग प्रमाण पत्र प्रेषित किया। अक्टूबर 2021 से कार्यदायी संस्था ने धनाभाव के कारण निर्माण कार्य रोक दिया।अक्टूबर 2021 में कार्य के बन्द होने के पश्चात निर्माण कार्य कब प्रारम्भ किया गया सूचित करें एवं संबंधित अभिलेखों की छायाप्रति प्रदान करें। | शासन/रूसा से परियोजना के पूर्ण करने हेतु अनुमोदित/स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष अवशेष धनराशि प्राप्त न होने के कारण निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। अवगत कराना है कि शासन से अवशेष धनराशि स्वीकृत होते ही कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। |
| 9 | शासन द्वारा रू0 8.37 करोड़ की स्वीकृति के पश्चात, स्वीकृत धनराशि एवं कार्यदायी संस्था को निर्गत धनराशि का विवरण प्रदान करें एवं अभिलेखों की छायाप्रति प्रदान करें। | शासन द्वारा स्वीकृत रू0 8.37 करोड़ की कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत उपभोग प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न है **(संलग्नक–6)** इसके अतिरिक्त प्रस्तावित कार्य हेतु अभी तक कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई है।कृपया अवगत होने का कष्ट करें। |
| 10 | निर्माण कार्यो की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण एवं उपभोग प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रदान करें। | निर्माण कार्यो की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण एवं उपभोग प्रमाण पत्र की छायाप्रति **संलग्नक–06** पर संलग्न है। |
| 11 | निर्माण कार्य यदि पूर्ण हो, पूर्णतः प्रमाण पत्र एवं हस्तांतरण हो गया है, तो हस्तान्तरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति प्रदान करें। | निर्माण कार्य एवं साज–सज्जा का कार्य पूर्ण होने पर भवन हस्तान्तरण की कार्यवाही पूर्ण हो सकेगी। अवगत कराना है कि कार्य पूर्ण होते ही हस्तान्तरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति प्रेषित की जायेगी। |

संलग्नक–यथोक्त।

(गोपाल खरे)
वित्त नियंत्रक

प्रतिलिपि–विशेष कार्याधिकारी, कार्यालय कुलपति,एच0बी0टी0यू0 कानपुर को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

वित्त नियंत्रक

Scanned by CamScanner

**English translation of Highlighted item**

Subject: Parawise response of Audit objection regarding delay of Execution in construction work in the Electronics Engineering Department